## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 21.10.2024 (दोपहर–1310 बजे)

### मुख्य समाचार

1. इंडी गठबंधन में सीट शेयरिंग का विवाद गहराया, राजद की महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष रानी कुमारी ने पार्टी को सम्मानजनक सीटें नहीं मिलने पर रांची सीट से चुनाव लड़ने की घोषणा की।
2. भाकपा माले ने भी झामुमो को दिया अल्टीमेटम, सीपीएम ने कांग्रेस को सीटें कम करने की दी नसीहत, झामुमो नेता मनोज पांडेय ने आज शाम तक विवाद सुलझा लेने का किया दावा।
3. भाजपा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा झारखंड में झामुमो, कांग्रेस और राजद का रिश्ता स्वार्थ और सत्ता के जरिये पैसे कमाना है।
4. आजसू ने जारी की आठ उम्मीदवारों की पहली सूची, जदयू ने भी दोनों सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की।
5. झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए आज से तेज होगा नामांकन, 25 अक्टूबर है नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि, दूसरे चरण के लिए अधिसूचना कल।

********************

इंडी गठबंधन में सीट शेयरिंग का विवाद गहराता जा रहा है। राजद को सम्मानजनक सीटे नहीं मिलने के बाद पार्टी की महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष रानी कुमारी ने रांची सीट से चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। बता दें कि पिछले चुनाव में गठबंधन की ओर से झामुमो ने इस सीट पर चुनाव लड़ा था। राजद और सीपीआई माले ने सीट आवंटन पर असंतोष व्यक्त करते हुए झामुमो को अल्टीमेटम दिया है। रांची में पत्रकारों से बातचीत के दौरान राजद नेता मनोज झा ने कहा कि पार्टी अपने जनाधार को देखते हुए 20 से 22 सीटों पर दावेदारी मानती है।

********************

इंडी गठबंधन में सीट को लेकर खींचतान के बीच सीपीआई –एम की पोलित ब्यूरो सदस्य सुभाषिनी अली ने कहा कि कांग्रेस हमेशा ज्यादा सीटें मांगती है जिससे विवाद होता है। अब वो जमाना गया जब कांग्रेस के नाम पर वोट मिलता था, अब गठबंधन के साथ मिलकर ही चुनाव लड़ना चाहिये।

इधर राजद की नाराजगी सामने आने के बाद कांग्रेस केंद्रीय चुनाव समिति की नई दिल्ली में होनेवाली बैठक टल गई और अब यह बैठक आज होने वाली है।

********************

इंडी गठबंधन में सीट बंटवारे के विवाद पर झामुमो नेता मनोज पांडेय ने कहा है कि अभी उनके घटक दलों के बीच मनमुटाव दिख रहा है लेकिन आज शाम तक इसे सुलझा लिया जायेगा।

********************

बीजेपी सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि झारखंड में कांग्रेस–राजद–झामुमो का रिश्ता स्वार्थ और सत्ता के जरिए पैसा कमाने का है।

********************

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा है कि बिना किसी नीति या सिद्धांत के गठबंधन में ऐसा ही होता है। श्रीशाहदेव ने कहा कि एनडीए ने ज्यादातर सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। उन्होंने कहा कि एनडीए और इंडी गठबंधन में यही फर्क है ।

********************

झारखंड में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए की सहयोगी पार्टी ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन–आजसू ने विधानसभा चुनाव के लिए अपने आठ उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। पार्टी प्रमुख सुदेश कुमार

महतो सिल्ली निर्वाचन क्षेत्र से, जबकि वरिष्ठ नेता लंबोदर महतो गोमिया विधानसभा सीट से चुनाव लडेंगे। एनडीए के सीट बंटवारे के अनुसार, आजसू 10 सीटों पर, जनता दल यूनाईटेड 2 और चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास एक सीट पर चुनाव लड़ेगी, जबकि भारतीय जनता पार्टी बाकी बची 68 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। 81 सदस्यीय झारखंड विधानसभा के लिए चुनाव दो चरणों में 13 और 20 नवंबर को और मतगणना 23 नवंबर को होगी।

********************

झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर जदयू ने अपने दो उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने बताया कि जमशेदपुर पश्चिम से सरयू राय और तमा़ड़ से राजा पीटर को उम्मीदवार बनाया गया है।

********************

कोडरमा विधानसभा के लिए 13 नवंबर को होने वाले मतदान में ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

********************

13 नवम्बर को झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए 43 सीटों पर नामांकन प्रक्रिया जारी है। पहले चरण के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर है। वहीं दूसरे चरण की 38 सीटों के लिए कल अधिसूचना जारी की जायेगी। इसी के साथ इन सीटों पर भी नामांकन शुरू हो जाएगा।

********************

राजधानी रांची के रिम्स के डॉक्टर आकाश भेंगरा की हॉस्टल की तीसरी मंजिल से गिरकर मौत हो गई, जबकि डॉक्टर के साथ एक युवती भी छत से गिरी है, जिसका इलाज चल रहा है। डॉक्टर आकाश पीजी सेकंड ईयर के छात्र थे।

********************

रांची के कांके रोड स्थित पुलिस लाइन में आज पुलिस संस्मरण दिवस पर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गयी। इस मौके पर रांची के एसएसपी चंदन सिन्हा ने शहीदों को सलामी भी दी। इधर कोडरमा पुलिस लाइन में भी शहीद पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजलि दी गई।

********************